नैक (NAAC) द्वारा “A” ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

भाषा संस्कृति के भीतर जीती है : कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र

हिंदी विवि में चीनी, थाइलैण्ड के विद्यार्थियों का स्वागत

वर्धा, 25 जुलाई 2016: भाषा संस्कृति के भीतर जीती है। भारत और चीन की पुरानी संस्कृतियों को जानने

और समझने के लिए भाषाएं सेतू का काम करती है। उक्त बातें महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने चीन और थाइलैण्ड से आए विद्यार्थियों के स्वागत समारोह में कही। विश्वविद्यालय में हिंदी सीखने के लिए चीन एवं थाइलैण्ड के विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय में हाल ही में

आगमन हुआ। उनके स्वागत के बहाने रविवार को फादर कामिल बुलके अंतरराष्ट्रीय छात्रावास के सभागार में कुलपति प्रो. मिश्र की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भारतीय भाषा एवं अंतरराष्ट्रीय अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. अरबिंद कुमार झा एवं केंद्र के प्रभारी रवि कुमार प्रमुखता से उपस्थित थे। इस अवसर पर दोनों देशों से आए विद्यार्थियों ने चीनी, थाई तथा हिंदी भाषा में गीत प्रस्तुत किए तथा विश्वविद्यालय में हिंदी सीखने को लेकर अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की। कुलपति प्रो. मिश्र तथा प्रो. झा ने पुष्पगुच्छ देकर विद्यार्थियों का स्वागत किया। चीन के दस विद्यार्थी बीजिंग फोरेन स्टडीज यूनिवर्सिटी बीजिंग से आए हैं तथा वे एक वर्ष के हिंदी के पाठ्यक्रम में प्रवेश लेंगे।